# उज्जैन से देवघर तक 'हर-हर महादेव'

**महाकाल मंदिर में विशेष भस्म आरती संपन्न**

**श्रद्धालुओं की कतारें देर रात तक जारी**




**नई दिल्ली, 11 जुलाई. उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के मंदिर में सावन के पहले दिन विशेष भस्म आरती की गई. सुबह तीन बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की कतारें लग गईं, जो देर रात 11 बजे शयन आरती तक जारी रहेंगी.**

भगवान महाकाल का पंचामृत अभिषेक हुआ, और भांग, चंदन, सूखे मेवों व फूलों से उनका श्रृंगार किया गया. रजत मुकुट, शेषनाग और पुष्पमाला से सजे भगवान को मिष्ठान का भोग लगाया गया. उज्जैन, खंडवा और देवघर में लाखों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़े हैं. मंदिरों में हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है.

शुक्रवार से शुरू हुआ यह पावन महीना नौ अगस्त को समाप्त होगा. शिव देवो के देव महादेव हैं. उनके विनाशक रूप से सभी परिचित हैं, लेकिन शिव की सम्पूर्णता से ज्यादातर लोग अनभिज्ञ हैं. शिव अवघड़ दानी हैं, सबसे बड़े प्रेमी हैं. सती के प्रेम में यदि वह तांडव करते हैं तो मां पार्वती की इच्छा पूरी करने के लिए काशी जैसा शहर बसा देते हैं. शिव और पार्वती की प्रेमगाथा से बढ़ कर कोई और गाथा नही है. शिव कला, संस्कृति, गीत, संगीत के देव हैं. शिव नटराज हैं.

# राधिका यादव हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा

**गुरुग्राम, 11 जुलाई. गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की उसके पिता दीपक द्वारा कथित हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है.**

राधिका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि उसे पीठ पर नहीं, बल्कि सीने में चार गोलियां लगी थीं. यह रिपोर्ट पहले किए जा रहे दावों और पिता के कबूलनामे से अलग है, जिससे इस मामले में नए सवाल खड़े हो गए हैं. इससे पहले यह दावा किया जा रहा था कि राधिका के पिता ने उस पर पीछे से गोलियां बरसाई थीं और तीन गोलियां उसकी पीठ पर लगी थीं, जब वह किचन में खाना बना रही थी. खुद दीपक यादव ने भी पुलिस के सामने कबूल किया था कि उसने राधिका को तीन गोलियां मारी थीं. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आई जानकारी के बाद, दीपक यादव के कबूलनामे पर सवाल उठने लगे हैं. पुलिस ने पहले बताया था कि दीपक ने कबूल किया था कि उसने राधिका पर गोली चलाई क्योंकि उसे अक्सर उसकी कमाई पर निर्भर रहने के लिए ताना मारा जाता था. पुलिस ने यह भी कहा था कि दीपक राधिका के टेनिस एकेडमी चलाने से भी नाराज था.

# ऑपरेशन कालनेमि में 25 गिरफ्तार

- ढोंगी बाबाओं पर देहरादून पुलिस की कार्रवाई
- मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर शुरू हुआ अभियान



**देहरादून, 11 जुलाई. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गुरुवार से शुरू हुए 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत शुक्रवार को ही देहरादून पुलिस ने एक बंगलादेशी नागरिक सहित कुल 25 छद्मवेष वाले ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार किया है.**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने साधु-संतों का भेष धारण कर, सड़क किनारे बैठे ऐसे व्यक्तियों से स्वयं पूछताछ की. थाना नेहरू कालोनी क्षेत्र में उन्होंने सड़क किनारे बैठ, लोगों को अपना शिकार बना रहे ऐसे ही कई व्यक्तियो से व्यक्तिगत रूप से पूछताछ की तो अपने प्रोफेशन सम्बंध में वे कोई सन्तोष जनक उत्तर नही दे पाए.

# रेलवे में होंगी 50,000 नई भर्तियां

**नई दिल्ली, 11 जुलाई. भारतीय रेलवे भर्ती बोर्ड ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी पहल की है. आरआरबी ने इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 9,000 से अधिक नियुक्तियां की हैं, और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 50,000 से अधिक भर्तियां करने की योजना बना रहा है.**

रेलवे भर्ती बोर्ड ने नवंबर 2024 से अब तक 55,197 रिक्तियों के लिए सात अलग-अलग अधिसूचनाओं के माध्यम से 1.86 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं.आरआरबी ने परीक्षाओं में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं. पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आयोजित परीक्षाओं में उम्मीदवारों की पहचान प्रमाणित करने के लिए ई-केवाईसी आधारित आधार प्रमाणीकरण का उपयोग किया गया है, जिसकी सफलता दर 95 प्रतिशत से अधिक रही है. इसके साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से नकल की संभावना को खत्म करने के लिए आरआरबी के सभी परीक्षा केंद्रों पर 100 प्रतिशत जैमर लगाए जा रहे हैं.उम्मीदवारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, आरआरबी ने परीक्षा केंद्र उनके निवास स्थान के करीब आवंटित करने की पहल की है.

## आज का इतिहास

1673 नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए.

1801 अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया.

1935 बेल्जियम ने तत्कालीन सोवियत संघ को मान्यता दी.

1960 भागलपुर और रांची यूनिवर्सिटी की स्थापना.

1970 अलकनंदा नदी में आई भीषण बाढ़ ने 600 की जान ली.

# राहुल और खड़गे ने की संविधान बचाओ समावेश रैली



**भुवनेश्वर, 11 जुलाई . लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को भुवनेश्वर के बारामुंडा मैदान में संविधान बचाओ समावेश नामक एक विशाल रैली को संबोधित किया .लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में यह गांधी का राज्य का पहला दौरा है.गांधी के साथ कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल भी रहे.**

रैली के बाद, गांधी, खड़गे और वेणुगोपाल कांग्रेस भवन में कांग्रेस विधायक दल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायकों के साथ संगठनात्मक मामलों पर चर्चा भी कर सकते हैं.ओडिशा में यह रैली 09 जुलाई को चुनावी राज्य में मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ पटना में आयोजित विशाल 'बिहार बंद' रैली के बाद हो रही है. इस रैली में गांधी ने केंद्र और देश के चुनाव आयोग पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया था कि बिहार में 'चुनावों में हेराफेरी' का महाराष्ट्र मॉडल लागू किया जा रहा है. नेता प्रतिपक्ष गांधी ने मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ पटना में चक्का जाम विरोध प्रदर्शन के दौरान एक विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा,हम बिहार आए हैं, जहाँ लोगों ने संविधान के लिए अपनी जान कुर्बान की है.

# गाद प्रबंधन नीति को मंजूरी

## गंगा-कोसी की बाढ़ से राहत की उम्मीद जगी

**पटना, 11 जुलाई.बिहार में हर साल मॉनसून के दौरान आने वाली भीषण बाढ़ से निजात दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है. केंद्र सरकार ने गंगा, कोसी समेत अन्य नदियों के लिए एक व्यापक गाद प्रबंधन नीति बनाने पर सहमति दे दी है.**

यह जानकारी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रांची में हुई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दी.सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार सरकार लंबे समय से यह मांग कर रही थी, जिसे अब मंजूर कर लिया गया है. उन्होंने कहा कि गंगा, कोसी समेत विभिन्न नदियों से मिलने वाली गाद के कारण बिहार को हर साल बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है. अब इस समस्या से निपटने के लिए सुव्यवस्थित ढंग से गाद प्रबंधन पर काम किया जाएगा. बैठक में इंद्रपुरी जलाशय बाणसागर समझौता के तहत अविभाजित बिहार के लिए कर्णांकित सोन नदी के जल के बंटवारे का फॉर्मूला भी तय हुआ. इसमें बिहार को 5.75 मिलियन एकड़-फीट और झारखंड को 2.00 एमएएफ पानी मिलने पर सहमति बनी.

# जलालुद्दीन को 500 करोड़ रुपए की विदेशी फंडिंग



**लखनऊ,11 जुलाई.उत्तर प्रदेश की एंटी टेरर स्क्वॉड ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है. एटीएस के अनुसार, जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को पिछले तीन सालों में मुस्लिम देशों से लगभग 500 करोड़ रुपये का विदेशी फंड मिला, जिसका इस्तेमाल भारत में धर्मांतरण कराने में किया जाता था.**

एटीएस ने बताया कि इस रकम में से 200 करोड़ रुपये आधिकारिक बैंकिंग माध्यमों से भारत आए, जबकि 300 करोड़ रुपये अवैध हवाला चैनलों के जरिए नेपाल के रास्ते भारत पहुंचाए गए. जांच में सामने आया है कि नेपाल के सीमावर्ती जिलों जैसे काठमांडू, नवलपरासी, रूपनदेही और बांके में 100 से अधिक बैंक खाते खोले गए थे, जिनमें ये पैसे जमा किए गए. ये फंड पाकिस्तान, दुबई, सऊदी अरब और तुर्की जैसे मुस्लिम बहुल देशों से आए थे. नेपाल में स्थानीय एजेंटों के माध्यम से इन खातों से पैसा भारत पहुंचाया जाता था, जिसके एवज में एजेंट 4-5त्न कमीशन लेते थे. कई बार पैसे कैश डिपॉजिट मशीन के जरिए भी जमा किए गए. नेपाल से भारत आने के बाद यह फंड बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर जैसे जिलों में स्थानीय मनी एक्सचेंजर्स के माध्यम से भारतीय रुपये में बदला जाता था.

## एक नजर में

### पूर्वी पंजाब के नौ यात्रियों की गोली मार कर हत्या

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम ब्लूचिस्तान प्रांत में गुरुवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने दो बसों का पीछा करके कम से कम नौ यात्रियों की गोली मार कर हत्या कर दी .प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता ने इस घटना की पुष्टि की .बताया कि जिले के लोरालाई क्षेत्र में हथियारबंद बंदूकधारियों ने दो बसों के नौ यात्रियों की पहचान करके नीचे उतार लिया और कुछ दूर ले जाकर उन्हें गोली मार दी जिन यात्रियों को गोली मारी गयी है वे पूर्वी पंजाब के रहने वाले थे. प्रवक्ता ने कहा कि हमलावरों ने तीन अलग-अलग स्थानों काकत, मस्तुंग और सुर-दकाई पर हमले किए थे .पुलिस ने शव बरामद कर लिए हैं.

### अंडमान तटीय क्षेत्र में फंसी अमेरिकी नौका

**नई दिल्ली.** भारतीय तटरक्षक बल ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तटीय क्षेत्र में फंसी अमेरिकी नौका 'सी एंजेल' में सवार चालक दल के दो सदस्यों को गुरूवार को सुरक्षित बचा लिया .रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह नौका इंदिरा पॉइंट से लगभग 52 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में फंसी थी. प्रतिकूल परिस्थितियों में इस नौका का पाल फट गया था .संकट की चेतावनी मिलने पर एमआरसीसी पोर्ट ब्लेयर ने आस-पास के सभी व्यापारिक पोतों को सतर्क कर बचाव प्रोटोकॉल शुरू कर दिया. इसके अलावा आईसीजी पोत राजवीर को तैनात करने के साथ पोत में फंसे चालक दल के साथ संपर्क स्थापित किया गया.

### बंगाल के तृणमूल कांग्रेस नेता की हत्या

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भंगार इलाके में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता रज्जाक खान की अज्ञात हमलावरों ने गुरुवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी .पुलिस के अनुसार खान चालताबेरिया इकाई के अध्यक्ष थे और कैनिंग पूर्व विधायक सौकत मोल्ला के करीबी थे .पुलिस ने बताया कि खान कल रात पार्टी की एक बैठक में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे, तभी काशीपुर पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले सिरिस्तला के पास अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि खान को तीन गोलियां मारी गयीं और कई बार चाकू से वार किये गये .पुलिस के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार हमलावरों नहर के पास सुनसान इलाके में खान पर घात लगाकर हमला किया. उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

